# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, बुधवार , 25 फरवरी 2026


एक नजर में

## कृषकों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रबी विपणन वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2026-27 में चना एवं मसूर उपार्जन हेतु पंजीयन प्रक्रिया 16 मार्च 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर की जाएगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा कृषकों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं।**

जिससे पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत चना एवं मसूर के पंजीयन हेतु किसानों को निर्धारित अवधि में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस वर्ष उपार्जन केंद्र पर उपज विक्रय से पूर्व किसानों की वास्तविक पहचान आधार-सक्षम पीओएस मशीन अथवा सोबाइल एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा की जाएगी। पूर्व वर्षों की भांति ओटीपी आधारित सत्यापन मान्य नहीं होगा। यदि किसान स्वयं उपार्जन केंद्र पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं, तो वे पंजीयन के समय अधिकतम 03 अधिकृत व्यक्तियों का नाम एवं आधार संख्या दर्ज करा सकेंगे। अधिकृत व्यक्ति दवारा भी आधार-सक्षम फेस ऑथैटिकेशन अनिवार्य होगा। एक व्यक्ति अधिकतम तीन किसानों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकेगा।

# चंदेरा स्वास्थ्य केन्द्र की लापरवाही आई सामने

**तकलीफ से परेशान दिखा घायल, स्टॉफ मौके से रहा नदारत**

**पुलिस के आरक्षक ने जतारा पहुंचकर कराया उपचार**





**नवभारत न्यूज, जतारा। विधानसभा क्षेत्र चंदेरा में स्थित अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक एवं स्टाफ की लापरवाही के चलते यहां अधिकांश समय ताला लगा रहता है। जिसके कारण मरीजों को उपचार कराने के लिए या तो जतारा जाना पड़ता है अगर वहां भी यहीं स्थिति रहती है तो उन्हे जिला मुख्यालय पर उपचार करने के लिए आना पड़ता है। स्टाफ सहित चिकित्सक की मनमानी के चलते एक घायल व्यक्ति को यहां दरवाजे का चेनल लगा होने कारण एवं स्टाफ की गैर मौजूदगी के चलते उसे जतारा के अस्पताल में जाकर उपचार कराना पड़ा। पुलिस ने उसकी मदद करते हुए जतारा के अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया। इस मामले में घायल को खून वहता रहा और स्वास्थ्य केन्द्र का स्टाफ मौके से नदारत दिखाई दिया।**

दरअसल चंदेरा थाना क्षेत्र के महेवा चक्र-3 में निवासरत ऊदल रैकवार पिता बालकिशन रैकवार ने बीते रोज अज्ञात कारणों के चलते धारदार हथियार से अपना गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी । यह मामला सामने आते ही सनसनी फैल गई। घायल अवस्था में ऊदल को चंदेरा के स्वस्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया मगर वहां दरवाजा का चेनल लगा हुआ था एवं स्टाफ गायब था। जिससे हालात और गंभीर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए पुन: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदेरा लेकर पहुंची लेकिन दरवाजा का चेनल लगा होने कारण चंदेरा थाने में पदस्थ कांस्टेबल द्वारा घायल को जतारा के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।दरअसल चंदेरा अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर छबील गुप्ता ड्यूटी के दौरान अधिकांश समय अनुपस्थित रहते है। जिससे क्षेत्र के लोगों को अपना उपचार करने में काफी परेशानी होती है। आलम यह है कि जब चंदेरा के डॉक्टर ही नदारत रहते है तो उनका स्टाफ भी इसी का फायदा उठाकर अस्पताल में ताला लगा कर अपने घर चला जाता है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल बंद मिलना बेहद गंभीर लापरवाही है। लोगों ने संबंधित चिकित्सक के खिलाफ जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित व्यक्ति को पुलिस कांस्टेबल द्वारा जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है । वहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया। समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

### कार्यवाही न होने से चिकित्सक के हौसले बुलंद

स्थानीय लोगों का आरोप है कि डॉक्टर छबील गुप्ता नियमित रूप से अस्पताल में उपस्थित नहीं रहते है। वह अपने निजी निवास जतारा पर क्लीनिक संचालित करते है। जहां मरीजों से फीस लेकर उनका उपचार किया जाता है। नियम तो यह कहता है कि जिस डॉक्टर की जिस जगह पोस्टिंग हो उसी जगह उपचार करना अनिवार्य है। लेकिन डॉक्टर छबील की मनमानी के चलते चंदेरा क्षेत्र के मरीज बेहद परेशान हैं। कई दफा ऐसे गंभीर मामले सामने आए हैं मगर इनके ऊपर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है इसलिए इनके हौसले बुलंद हैं और वहां नाम मात्र के लिए ड्यूटी करने जाते हैं।

### घायल को लेकर जतारा पहुंचा आरक्षक

घायल का उपचार जतारा कराने आए चंदेरा थाने के आरक्षक ने जतारा के चिकित्सक को बताया कि घायल मानसिक रूप से विक्षिप्त है उसने सेविंग करने वाली ब्लड गर्दन पर मार ली है। उसे काफी खून निकल रहा है। चंदेरा के स्वस्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर चेनल बंद था अंदर कोई भी कर्मचारी नहीं था जिसके चलते घायल ऊदल रैकवार यहां जतारा लाना पड़ा। यह बात सुनकर जतारा के चिकित्सक दंग रह गए और उन्होनें कहां कि यह गंभीर मामला है।

## पूर्व मुख्यमंत्री के परिजनों को मिली धमकी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिजनों को टीकमगढ़ में बम से उड़ाने की धमकी मिली है। उनकी बहू और जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल लोधी ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

उमिता राहुल लोधी ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर 22 फरवरी की देर रात 10.30 बजे जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा नामक एक आईडी से धमकी भरा कमेंट आया। इस कमेंट में उन्हें और उनके पति, पूर्व मंत्री राहुल लोधी को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उमिता लोधी ने तुरंत उस कमेंट का स्क्रीनशॉट ले लिया। कमेंट के कुछ ही घंटों बाद दो नकाबपोश युवक उनके बंगले पर भी धमकाने पहुंच गए। उसी रात करीब 11 बजे, जब उमिता लोधी देहात थाना क्षेत्र स्थित अपने बंगले पर थीं, तो दो अज्ञात युवक उनके बंगले के सामने पहुंचे। इन युवकों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। आरोप है कि युवकों ने उन्हें देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दोहराई। उमिता लोधी के शोर मचाने पर एक अन्य व्यक्ति अमर सिंह मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। चेहरे ढके होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी। इस घटना की जानकारी उन्होंने तत्काल अपने पति राहुल सिंह लोधी को दी। अगले दिन, 23 फरवरी को उन्होंने देहात थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 351(3), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## नि : शुल्क आयुष शिविर में 72 रोगियों का परीक्षण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी टीकमगढ़ डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बम्हौरी बराना के ग्राम प्रतापपुरा में नि:शुल्क आयुष शिविर लगाया गया।**

शिविर में 72 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और औषधि प्रदान की गई। शिविर में रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके अतिरिक्त स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। आहार बिहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वेच्छा खरे, योग सहायक अनीता श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

## गार्ड की भर्ती के लिए मोहनगढ़ में आज लगेगा शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।**

आज 25 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में, 26 फरवरी को सीएलएफकार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफ कार्यालय बडागांव में, 2 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय बुडेरा में, 7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत टीकमगढ़ में प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा।

भर्ती शिविरों में इन चयनित युवाओं को नीमच में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जायेगी, जैसे औधौगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला इन्दौर, भोपाला, खजुराहों का मंदिर, अयौध्या का मंदिर आदि का नाम शामिल है।

## विद्युत विभाग ने वसूली अभियान के तहत की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज पलेरा। विद्युत वितरण केंद्र पलेरा अंतर्गत बकाया बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पाली, महेंद्र महेवा,बूदौर,गुड़ा एवं टोरी में विद्युत विभाग द्वारा कुर्की की कार्यवाही की जिसमें आधा दर्जन उपभोक्ताओं की मोटर साइकिल जब्त की गई ।**

इन पर तीन लाख विद्युत राजस्व बकाया था। जानकारी के अनुसार बिजली बिल वसूली अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं पर राशि बकाया होने पर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा उपभोक्ताओं से कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए बकाया बिल की राशि समय पर जमा करने की अपील की है। उक्त कार्यवाही में लाइनमैन जनक सिंह कुशवाहा, आउटसोर्स कर्मचारी भागीरथ अहिरवार, सुनील यादव, अरविंद सूत्रकार, गौरव सेन,दिनेश अहिरवार,अंकुर खरे, राजेन्द्र मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## पीजी कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शास पीजी कॉलेज, टैगोर हॉल कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 26 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम,रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वार विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम,रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## भाजपा जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक



**नवभारत न्यूज पलेरा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक एवं नवनियुक्त जिले के भाजपा प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक का पलेरा नगर में प्रथम आगमन होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के नेतृत्व में जिला प्रभारी पाठक को नगर की सीमा में प्रवेश करने के बाद ग्राम पंचायत बेला, लारौन एवं पलेरा नगर में भाजपा नेता हरसेवक राजपूत के निज निवास समेत जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने रोककर स्वागत किया।**

भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही नारे लगाए। अपने स्वागत से अभिभूत जिला प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक ने कहा कि मुझको जिला प्रभारी का दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने मेरा मान बढ़ाया है। मंच से मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरे लिए ऊर्जा के समान है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। पाठक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि नगर एवं ग्राम क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें जिससे आने वाले चुनाव में हम फिर बढ़त बना सकें। आने वाले विधानसभा चुनाव में हम जिले की सभी सीटों को जीतेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा सुनील खटीक, हरसेवक राजपूत रोहित यादव राजू गोस्वामी नंदकिशोर प्रजापति राजेश नायक एहसान मंसूरी तेज खान अवध किशोर नापित मुकेश यादव रामकिशोर रैकवार हरिशंकर चौरसिया गुलाब आदिवासी जयपाल राजपूत रोहित राजपूत बब्लेश राजपूत सहित तमाम कार्यक्रम मैं मौजूद रहे।

## आपराधिक कानून के विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**शासकीय महाविद्यालय में हुआ दो दिवसीय आयोजन**

**अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर की कार्यक्रम की शुरुआत**




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय विधि महाविद्यालय में भारत के संवैधानिक और आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में चुनौतिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।**

सेमिनार में देश के विभिन्न विधि महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से आए विधि विशेषज्ञों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने संविधान के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन, न्यायिक प्रक्रिया में विलंब, अनुसंधान की गुणवत्ता, पुलिस सुधार, मानवाधिकार संरक्षण तथा आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। विशेषज्ञों ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और आपराधिक कानूनों के प्रभावी अनुपालन के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, विधिक साक्षरता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने पर भी बल दिया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि सेमिनार के दूसरे दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें वर्तमान विधिक चुनौतियों और संभावित समाधान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ।

शासकीय अग्रणी महाविद्यालय टीकमगढ़ के प्राचार्य डॉ केसी जैन एवं मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता के रुप में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भोपाल से डां मनीष यादव एवं डॉ जीतेन्द्र गुप्ता स्टेट लॉ कॉलेज, भोपाल शासकीय विधी महाविद्यालय टीकमगढ़ से कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ पुष्पेंद्र सिंह व गौरव रावत विभाग अध्यक्ष कार्यक्रम का संचालन कर रही सोमा गुप्ता, विक्रम अहिरवार, विपुल जैन। शासकीय विधि महाविद्यालय में भारत के संवैधानिक और आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में चुनौतिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

बैठक

**16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक गणना पोर्टल पर भर सकेंगे जानकारी**

# 2027 के जनगणना की प्रक्रिया रहेगी डिजिटल : कलेक्टर




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2027 हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 में होगी जिसमें खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे।**

श्री श्रोत्रिय ने बताया कि जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्त्रोत, प्रकाश का स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी। राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी। जनगणना 2027 में यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप और पोर्टल के जरिए एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### यह अधिकारी हुए शामिल

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, जनगणना हेतु प्रभारी अधिकारी, प्रशिक्षक, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान लें जे फार्म सर्विसेस का लाभ

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जे फार्म ऐप के जरिए किसान अब अपने ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों को किराए पर दे सकते हैं तथा कृषि यंत्रों को किराए पर बुक भी कर सकते हैं। किसान स्वयं को सेवा प्रदाता, कृषक व एफपीओ के रूप में रजिस्टर कर जे फार्म सर्विसेस का लाभ ले सकते है।**

जे फार्म सर्विसेस ऐप ठीक ओला, उबर की तरह कृषि यंत्रों को किराए पर देने व लेने की के लिए कार्य करता है। किसान जे फार्म सर्विसेस ऐप अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से जे फार्म सर्विसेज सर्च कर डाउनलोड कर सकते है तथा अपने मोबाइल नंबर से स्वयं को ऐप पर रजिस्टर कर सकते है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ ( म .प्र . )

क्रमांक/1087/न.पा./निर्माण/2026 टीकमगढ़, दिनांक 20/02/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484856_1 24/02/2026 को शाम 05 : 00 बजे से | वार्ड नं. 07 में संपूर्ण गंदे नाले पर चैम्बर क्रासिंग एवं नाली पर लोहे के जाल लगाए जाने का कार्य। | 3 माह 360550.00 | 2000 3605 | 12/03/2026 सांय 05 :30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)